RAF SECTOR

NEWS CLIP

13/02/2021

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Amar Ujala, Prayagraj (UP)

पैरामिलिट्री संग एटीएस ने संभाला मोर्चा

प्रयागराज। मौनी अमावस्या पर संगम क्षेत्र अभेद दुर्ग में तब्दील रहा। यहां पुलिस तो तैनात रही ही, पैरामिलिट्री संग एटीएस ने भी मोर्चा संभाला। मेला क्षेत्र में सुरक्षा के लिए पांच हजार से ज्यादा जवान तैनात रहे।

मौनी अमावस्या केलिए त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरा तैयार किया गया था। जिनमें पुलिस केसाथ ही पैरामिलिट्री व एटीएस को भी लगाया गया था। सबसे बाहरी घेरे में पुलिस केजवानों को तैनाती दी गई थी जिनकेसाथ होमगार्ड भी लगाए गए थे। मेले के 17 प्रवेश द्वारों केसाथ ही यातायात व्यवस्था की जिम्मेदारी भी इन्हीं पर सौंपी गई थी।
इसकेबाद पैरामिलिट्री केजवान तैनात किए गए थे। जिनमें आरएफ व अन्य शामिल रहे। मेले में प्रमुख व संवेदनशील स्थानों पर पैरामिलिट्री केजवान तैनात किए गए थे। इसी तरह संगम नोज व आसपास केक्षेत्र में एटीएस केकमांडो लगातार गश्त कर स्थिति का जायजा लेते रहे। बीडीडीएस व एएस चेक टीम भी लगातार चेकिंग करती रही। ब्यूरो

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।